**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## ’बालनिलियम जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने किया स्वावलंबन केंद्र का भ्रमण

पंतनगर। 29 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्रा डा. अल्का गोयल के नेत्तृव में संचालित स्वावलंबन केंद्र का बाल निलयम जूनियर हाईस्कूल के 34 विद्यार्थियों एवं दो शिक्षिकाओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों ने एपण कला द्वारा बनाए गए मूल्य संबंधित उत्पादों, क्विलिंग तकनीकी एवं उसके प्रयोग से सामान्य चीजों को विशिष्ट बनाने की प्रकिया, पेपर मैशे तकनीकी एवं उसके उत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उपभोक्ता सशक्तिकरण विषय पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को उपभोक्ता के अधिकार, उनके कर्तव्य, मानक चिन्ह पहचान, वस्तुओं पर लगाए गए लेवल को पहचान कर सही जानकारी प्राप्त करना, बाजार में प्रचलित असली एवं नकली उत्पादों में विभेद करने संबंधी जानकारी दी गई। स्वावलंबन केंद्र के भ्रमण से विद्यार्थी अत्यधिक उत्साहित थे। सभी विद्यार्थियों ने एपण कला और क्विलिंग तकनीकी सीखने की भी इच्छा जाहिर की। इस विद्यार्थी दल के साथ डा. निधि मिश्रा एवं श्रीमती राजेश कुमारी, अध्यापिका उपस्थित रहे और सभी ने डा. छाया शुक्ला, सह प्राध्यापक एवं उनके विद्यार्थियों तनुश्री, पूनम, दिव्या, अनुप्रिया, जशनप्रीत, अमान, समीर, संदीप आदि के प्रयासों की सराहना की।




*स्वावलंबन केन्द्र की जानकारी प्राप्त करते विद्यार्थी।*

**निदेशक संचार**